तापमान
अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 नवंबर 2025

12 मार्केट कमेटी के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन ने संभाली कुर्सी

12 लालांवाला पीर की दरगाह पर श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें


## खबर संक्षेप

### एसडीएम व सचिव करेंगे वाहन चालकों के चालान

**अंबाला।** सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा कम ही नहीं हो रहा है। साल दर साल यह आंकाड़ा बढ़ता ही जा रहा है। इसकी अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2024 में 167 लोगों ने 12 महीनों में हादसों में जान गंवाई थी। इस साल नौ महीनों में ही मौतों का आंकड़ा बढ़कर 185 पर पहुंच गया। दुर्घटनाओं में मौत के बढ़ते आंकड़े को देख सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में गंभीरता से लिया गया है। अब सभी एसडीएम और आरटीए सचिव को चालान करने के निर्देश दिए हैं।

### अंबाला शहर में कुत्तों की नसबंदी का टेंडर खुला

**अंबाला।** अंबाला शहर में कुत्तों की आबादी को रोकने के लिए लंबे समय बाद नगर निगम की नींद खुल गई है। यहां पर कुत्तों की नसबंदी के लिए टेंडर कुछ समय पहले ही लगाया गया था। दो से तीन दिन पहले टेंडर खुला तो इसमें एक एजेंसी ने इस कार्य के लिए आवेदन किया है। एक एजेंसी के आने से नगर निगम के अधिकारी असमंजस में थे और दोबारा टेंडर लगाने की मंत्रणा बना रहे थे। मगर अब उम्मीद है कि जल्द ही कुत्तों की नसबंदी का काम शुरू कर दिया जाएगा। कुत्तों की नसबंदी का कार्य करीब एक वर्ष से भी अधिक समय से शहर में ठप पड़ा है।

### हथियारों व कारतूस का सप्लायर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने रिसपुर गांव के खेतों में किसान व पुलिस पर फायरिंग करने मामले में हथियार बेचने वाले आरोपी कौशर उर्फ भूरा निवासी गांव अलीपुर जिला शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी कौशर उर्फ भूरा ने इस केस में पहले गिरफ्तार को चुके यूपी के शामली जिले के तितरवाडा गांव निवासी जुनैद को एक देसी पिस्तौल व दो कारतूस, मवी गांव निवासी दीपक को दो देसी पिस्तौल व कारतूस बेचना स्वीकारा है। वहीं, इस केस में अभी तक दो नाबालिग समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पानी की पाइप लीक मकानों में दरार आई

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था के हरिजन मोहल्ले में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिछाई गई पानी की पाइपलाइन में लीकेज के कारण एक महीने से ग्रामीण परेशान और सड़क बंद पड़ी है। वहीं, लीकेज के कारण आसपास के मकानों की दीवारों में पानी घुस गया, जिससे उनमें दरारें आने लगी है। वहीं, पंच आजाद सिंह की शिकायत के बाद जन स्वास्थ्य विभाग ने गत सप्ताह गली की खुदाई करवाई, लेकिन मरम्मत नहीं करवाई। इसके चलते ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जारी

# ब्रह्मसरोवर के घाटों पर नजर आए राज्यों की लोक संस्कृति के अलग-अलग रंग





**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में करतब दिखाते बाजीगर, कच्ची घोड़ी के कलाकार तथा एक स्टॉल पर बेडशीट खरीदते हुए पर्यटक। फोटो : हरिभूमि

तरुण वधवा ▸▸| कुरुक्षेत्र

- विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों के लोक नृत्यों पर झूम उठे पर्यटक

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के पावन पर्व पर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र (एनजैडसीसी) की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंच चुके है। यह कलाकार लगातार 5 दिसंबर 2025 तक अपनी लोक संस्कृति की छठा बिखेरने का काम करेंगे। इस महोत्सव पर आने के लिए देश का प्रत्येक कलाकार आतुर रहता है। पर्यटकों को फिर से ब्रह्मसरोवर के तट पर लोक संस्कृति को देखने का अवसर मिला है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर रविवार को विभिन्न राज्यों की कला का संगम उमड़ा और विभिन्न राज्यों की कला के संगम के बीच कलाकार अपने-अपने राज्य की कला का बखूबी बखान किया। कलाकारों का कहना है कि आज के आधुनिक जमाने में भी उन्होंने अपनी कला को जिंदा रखा है, कला के माध्यम से ही आज वह भी जिंदा है और अपनी कला को विदेशों तक पहुंचा रहे है। विदेशों की धरती पर भी उनकी कला ने उनका नाम रोशन किया है। गीता महोत्सव में पहुंचे कलाकारों का कहना था कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव एक ऐसा जरिया है जहां पर जहां पर वह पहुंचकर अपनी कला का बखूबी मंचन करते है। विभिन्न राज्यों की अलग-अलग कलाकारों ने कहा कि अब वह फिर से गीता महोत्सव में पहुंचकर अपनी कला को आमजन को दिखाने का काम कर रहे है। ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे है। इन राज्यों के कलाकार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 5 दिसंबर तक लोगों को अपने-अपने प्रदेशों की लोक कला के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे।

### डबल बेडशीट बनी आकर्षण का केन्द्र

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर लगे सरस और शिल्प मेले में पर्यटक और श्रद्धालु अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में दूर दूर से आ रहे हैं। श्रद्धालु ब्रह्मसरोवर के तट पर जहां श्रद्घा भाव से अपनी मन की बात करते है, वहीं पर्यटक सरस और शिल्प मेले में खरीदारी भी जमकर कर रहें हैं। मेले में स्टॉल नम्बर 137 पर उत्तर प्रदेश के बागपत से आए दिलशाद अली ने बताया कि वे पहली बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आए हैं। उन्होंने अपनी स्टॉल पर घरों में रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली कोटन की बेडशीट लगाई हैं। इस स्टॉल पर डबल बैडशीट 550 रूपए से 950 रूपए तक और सिंगल बैडशीट 300 रूपए से लेकर 400 रूपए तक हैं। दिलशाद अली ने बताया कि यह सभी बैडशीट्स उनका परिवार खुद बनाता है तथा इसको बनाने में परिवार के 8 लोग काम करते हैं। बेडशीट की खासियत है कि इनका रंग नहीं निकलता और यह कई डिजाईस में स्टॉल पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि बेडशीट को बनाने में सबसे पहले रंगीन धागों का इस्तेमाल किया जाता हैं, उसके बाद बीम तैयार की जाती है, फिर बाबैन किया जाता है तथा उसके बाद विटिंग होती है तथा फिर इसको सुखाया जाता है और उसके बाद बैडशीटस बाजार में बेचने के लिए लाई जाती हैं। दिलशाद अली ने यह भी बताया कि भारत मे लगने वाले कई मशहूर अंतर्राष्ट्रीय मेलों में वो जाते रहते है।

### टैराकोटा से बनी चीजों की खरीदारी

**कुरूक्षेत्र।** व्यक्ति ने अपना नया घर बनाया हो और उसमें टैराकोटा से बनी कोई आकृति न हो तो दिल को तसल्ली नहीं होती। टैराकोटा से बनी कोई आकृति खरीदनी हो तो मन सोचता है कि मन कहां जाए। लेकिन अब सोचने की जरूरत नहीं, टैराकोटा से बनी कोई आकृति यानी कोई सजावटी चीज खरीदनी हो तो ब्रह्मद्धसरोवर के पावन तट पर लगे सरस और शिल्प मेले में आ जाए। ब्रह्मद्धसरोवर के पावन तट पर लगे सरस और शिल्प मेले में आते जाते पर्यटक टैराकोटा से बनी सजावटी चीजे देख रहे हैं और उनकी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मेले में स्टॉल नम्बर 216 पर पानीपत से आए संदीप कुमार ने बताया कि वे हर वर्ष इस मेले में आते है और टैराकोटा से बनी चीजें पर्यटकों को बेचते हैं। संदीप कुमार ने बताया कि उनके पास 50 रूपए से लेकर 1800 रूपए तक हाथों से बने टैराकोटा की चीजें हैं। टैराकोटा से बनी भगवान शंकर की और भगवान कृष्ण की मूर्ति सुन्दर स्वरूप में है और सजावटी गमलें है, जिनमें चलते फिरते सजावटी कछुएं हैं। उन्होंने बताया कि भारत में लगने वाले कई मशहूर अन्तर्राष्टद्ध्रीय मेलों में वो जाते रहते है। अब आप टैराकोटा से बनी सजावटी चीजें या मूर्तियां देखना चाहते है तो चले आए स्टॉल नम्बर 216 पर। अन्तर्राष्टद्ध्रीय गीता महोत्सव पर लगा यह सरस व शिल्प मेला आगामी 5 दिसंबर तक चलेगा।

# इंद्री क्षेत्र में वारदात करने के 13 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

इंद्री पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत छीना झपटी व चोरी करने वाले 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है । डीएसपी सतीश गौतम ने बताया कि इंद्री पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत 13 आरोपियों को काबू किया है । इन आरोपियों ने छीना, झपटी व चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया था ।

उन्होने बताया कि आरोपियों से पांच मोटरसाइकिल व नगदी बरामद की गई है। पकड़े गए कई आरोपियों पर पहले से ही मामले दर्ज हैं । इंद्री थाना प्रभारी प्रभारी विपिन कुमार ने बताया



**इंद्री।** क्षेत्र में वारदातों को अंजाम देने वाले पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस । *फोटो : हरिभूमि*

कि गांव गुढा निवासी चांद, अमीर खान व शौकीन ने 7600 व एक मोबाइल फोन 12.11.2025 को छीना था जिन्हे काबू कर लिया गया है । गौतम, योगेश, रजनीश व रणधीर ने 13.11. 2025 को नहर की पटरी पर 2500 रुपए व पर्स छीना था । सुमित व आकाश ने 12.10.25 को बजाज पैलेस से 24500 रुपए की जेब काट ली थी । अलाउदीन व इरफान ने एक घर से नकदी व एक मोबाइल चोरी किया था । सागर व प्रदीप ने मोटरसाइकिल चोरी की थी जो की बरामद कर ली गई है । जिन्हे काबू कर लिया गया है । थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पकडे गए आरोपियों को कोर्ट मे पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है ताकि और वारदातों का पता लगाया जा सकें । उन्होंने बताया कि से बरामद की गई पांच मोटर साईकिलों मे से चार मोटर साईकिलो को आरोपी वारदातों मे प्रयोग करते थे ।

### शहीदी पर्व के प्रबंधों को लेकर ज्योतिसर का निरीक्षण किया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर बड़े स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इन प्रबंधों को लेकर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल में तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने ज्योतिसर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र: नवीन जिंदल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ योग साधना से किया गया। प्रशिक्षित योगाचार्यों ने उन्हें प्राणायाम, ध्यान, आसन, सूर्यनमस्कार तथा मानसिक संतुलन बढ़ाने वाले अभ्यास करवाए। यह सत्र न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक एकाग्रता और आंतरिक शांति के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। सभी प्रतिभागी एकता दौड़ में सहभागिता की। इसमें कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल द्वारा स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल के अद्वितीय नेतृत्व और दूरदर्शिता के कारण ही देश की रियासतें एकता के सूत्र में बंध सकीं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं, बल्कि सबसे युवा राष्ट्र भी है, और यह युवा शक्ति ही भारत को भविष्य में विश्व गुरु बनाएगी।

# तमंचे के बल पर दो ट्रैक्टर चालकों से तीन लाख लूटे

**करनाल।** गांव डिंगर माजरा व बरसत रोड पर बाइक पर सवार नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे की नोंक पर दो ट्रैक्टर चालकों से लगभग तीन लाख रुपए लूट ले जाने के मामले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस व सीआईए की टीम मौके पर पहुंची और नाकेबंदी कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार की रात को लगभग 12 बजे यमुनानगर से लकड़ी बेचकर अपने गांव गढ़ीबेशक वापस लौट रहे थे। एक ट्रैक्टर पर गांव बेशक गढ़ी निवासी जुबेर व दूसरे ट्रैक्टर को गुल्ला चला रहा था। दोनों ट्रैक्टर चालको के सामने बाइक पर सवार चार नकाबपोश बदमाशों लगाकर ट्रैक्टरों को रोक लिया और वारदात को अंजाम देते हुए दो राउंड फायर जबकि दूसरे ट्रैक्टर चालक के मुताबिक उसके पास बाइक पर सवार दो बदमाश आए और एक राउंड फायर किया। दोनों ट्रैक्टर चालको लगभग डेढ़ - डेढ़ लाख की राशि लूट कर फरार हो गए। ट्रैक्टर चालकों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस व सीआईए की टीमें मौके पर पहुंची और मामले की गहनता से जांच की। बताया जा रहा है पुलिस को मौके से गोली के कोई खोल बरामद नहीं हुए हैं। मौके पर पहुंचे ।

### रामनाथ बने एसकेएस के जिला प्रधान

**कुरुक्षेत्र।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का त्रीवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन पब्लिक हेल्थ यूनियन कार्यालय कुरुक्षेत्र पर जिला प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। त्रीवार्षिक कमेटी के गठन में रामनाथ बाटी प्रधान, चन्द्रभान वरिष्ठ उप प्रधान, किशोरी लाल व नीलम को उप प्रधान, संदीप नरवाल सचिव बिट्टू रंगा को कोषाध्यक्ष, विरेंद्र सिंह सह सचिव, कदम शर्मा संगठन सचिव, मनीष जिंदल प्रैस सचिव, रावल गुप्ता आडिटर, अशोक कुमार व महेंद्र वर्मा आमंत्रित सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए।

# जमीनी सौदेबाजी में दस लाख की ठगी, दो पर केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना

जमीन की सौदेबाजी में 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पुलिस ने काकरकुंडा गांव के नरेंद्र सिंह की शिकायत पर बिंजलपुर गांव के ओम प्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई आर्थिक अपराध शाखा द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर हुई है।

नरेंद्र सिंह ने बताया कि ओम प्रकाश के साथ जमीन का सौदा हुआ था लेकिन आपसी विवाद हो गया। इस संबंध में एक लिखित शिकायत थाने में दी थी। इसमें थाने में लिखित में पंचायती फैसला हो गया था। आरोपियों ने 10 लाख रुपये की बकाया राशि सात अगस्त तक देने का इकरार किया था, लेकिन ओम प्रकाश ने तय समय पर यह रुपया नहीं दिया और भूमि पर कब्जा कर लिया है।

अब वह उन्हें रकम देने से साफ इंकार कर रहा है। उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। इसके बाद उन्होंने एक सितंबर को ओम प्रकाश के खिलाफ दोबारा थाने में शिकायत दी थी। जब उसे बुलाया गया तो उसने रुपये देने से साफ मना कर दिया। अब जांच के बाद दोनों आरोपियों के साजिशन धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है।

### अकाउंट से निकाले चार लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने आरटीओ ई-चालान की फाइल व्हाट्सएप पर भेजकर रणजीत कॉलोनी रादौर रोड कैंप निवासी अमित चावला के अकाउंट से चार लाख रुपये निकाल लिए। जब अमित चावला को अपने अकाउंट से पैसे निकलने का मैसेज देखा तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रणजीत कॉलोनी कैंप निवासी अमित चावला ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 24 अक्टूबर को उसके व्हाट्सएप पर आरटीओ ई चालान की एक फाइल आई। जब उसने फाइल को ओपन किया तो उसके बैंक अकाउंट की इंटरनेट बैंकिंग हैक हो गई। काफी समय बाद उसका फोन नहीं चला। जब काफी समय बाद उसका फोन रीस्टार्ट हुआ तो उसके अकाउंट से अलग-अलग करके चार लाख रुपये निकलने का मैसेज आया। यह मैसेज देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने बैंक में जाकर अपना अकाउंट बंद करवाया और मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## 32 ट्रेनें होंगी रद्द, 20 के संचालन की अवधि में कटौती की गई

# तीन महीने तक ट्रेन यात्रियों की बढ़ेगी मुसीबत

- मौसम में बदलाव के चलते 56 ट्रेनों के संचालन के नए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

सर्दी में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ने वाली है। रेलवे ने मौसम में बदलाव का हवाला देते हुए 56 ट्रेनों के संचालन को लेकर नए आदेश जारी किए हैं। इन आदेश के तहत आगामी तीन माह यानी दिसंबर से लेकर फरवरी तक 32 ट्रेनों को रद्द रखा जाएगा। 20 ट्रेनों के संचालन की अवधि में भी कटौती की गई।



### यह ट्रेनें रहेंगी रद्द

ट्रेन नंबर 12207 काठगोदाम-जम्मूतवी 9 दिसंबर से 24 फरवरी तक रद्द रहेगी। इसी प्रकार 12208 जम्मूतवी-काठगोदाम 7 दिसंबर से 22 फरवरी, 12209 कानपुर-काठगोदाम 9 दिसंबर से 24 फरवरी, 12210 काठगोदाम-कानपुर 8 दिसंबर से 23 फरवरी, 14003 मालदा-नई दिल्ली 6 दिसंबर से 28 फरवरी, 14004 नई दिल्ली-मालदा 4 दिसंबर 26 फरवरी, 14523 बरौनी-अंबाला 4 दिसंबर से 26 फरवरी, 14524 अंबाला-बरौनी 2 दिसंबर से 24 फरवरी, 14605 ऋषिकेश-जम्मूतवी 8 दिसंबर से 23 फरवरी, 14606 जम्मूतवी-ऋषिकेश 7 दिसंबर से 22 फरवरी, 14615 लालकुंआ-अमृतसर 6 दिसंबर से 28 फरवरी, 14616 अमृतसर-लालकुंआ 6 दिसंबर से 28 फरवरी, 14617 पूर्णिया-अमृतसर 3 दिसंबर से 2 मार्च, 14618 अमृतसर-पूर्णिया 1 दिसंबर से 28 फरवरी, 14630 फिरोजपुर-चंडीगढ़ 1 दिसंबर से 28 फरवरी, 14629 चंडीगढ़-फिरोजपुर 2 दिसंबर से 1 मार्च, 14503 कालका-कटरा 2 दिसंबर से 27 फरवरी, 14504 कटरा-कालका 3 दिसंबर से 28 फरवरी, 14505 अमृतसर-नंगलडैम 1 दिसंबर से 28 फरवरी, 14506 नंगलडैम-अमृतसर 1 दिसंबर से 28 फरवरी, 14213 वाराणसी- बहराइच 1 दिसंबर से 28 फरवरी रद्द रहेगी।

### 1 मार्च तक रद्द रहेंगी ट्रेनें

*इसी प्रकार 14214 बहराइच-वाराणसी 2 दिसंबर से 1 मार्च, 14541 चंडीगढ़-अमृतसर 1 दिसंबर से 28 फरवरी, 14542 अमृतसर-चंडीगढ़ 2 दिसंबर से 1 मार्च, 12327 हावड़ा-देहरादून 2 दिसंबर से 27 फरवरी, 12328 देहरादून-हावड़ा 3 दिसंबर से 28 फरवरी, 14111 मुज्जफरपुर-इलाहाबाद 1 दिसंबर से 25 फरवरी, 14112 इलाहाबाद-मुज्जफरपुर 1 दिसंबर से 25 फरवरी, 20451 व 52 कोटा-नई दिल्ली-कोटा 1 दिसंबर से 28 फरवरी, 19611 अजमेर-अमृतसर 4 दिसंबर से 28 फरवरी, 19614 अमृतसर-अजमेर 5 दिसंबर से 1 मार्च तक रद्द रहेगी।*

### समलैंगिक संबंध बनाने पर युवक एचआईवी संक्रमित

**पानीपत।** पानीपत निवासी 38 वर्षीय विवाहित पुरूष ने ऑनलाइन डेटिंग एप पर समलैंगिक युवक से दोस्ती की और उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। वहीं, विवाहित पुरूष एचआईवी से संक्रमित हो गया है। इधर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी सेंटर के चिकित्सकों का दावा है कि पुरूषों के बीच समलैंगिक संबंधों के चलते हर माह एचआईवी संक्रमित केस आ रहे हैं। वहीं, एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी सेंटर की काउंसलिंग में समलैंगिक संबंध बनाकर एचआईवी संक्रमित होने वाले दो बच्चों के पिता ने बताया कि उसने अपने पुरूष मित्र के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाए। इसके बाद उसे डायरिया हो गया। डायरिया जब ठीक नहीं हुआ तो उसने निजी अस्पताल में एचआईवी का टेस्ट करवाया, तब से पता चला कि वह एचआईवी संक्रमित हो चुका है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत

- शहर जगाधरी पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जगाधरी की विजय नगर कॉलोनी में सिटी मार्बल फैक्टरी के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कभी में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में जगाधरी की विशाल कॉलोनी निवासी रोशनी देवी ने बताया कि उसका 35 वर्षीय बड़ा बेटा संदीप कुमार पेंट का काम करता था। शुक्रवार की शाम संदीप घर से बाइक पर दवा व मजदूरी के रुपये लेने गया था। इस बीच विजय नगर कॉलोनी में सिटी मार्बल फैक्टरी के पास अज्ञात कार चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से कार चलाते हुए संदीप की बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सहित संदीप सड़क पर गिर गया। इसके बाद कार चालक संदीप को कुचलते हुए निकल गया। आसपास के लोगों ने संदीप को निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, जांच अधिकारी मुकेश कुमार का कहना है कि रोशनी देवी की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खबर संक्षेप**



## रेतगढ़ की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**रादौर।** संत रविदास कबड्डी अकेडमी के तत्वावधान में रविवार को गांव सागड़ी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी ने रिबन काटकर किया। कबड्डी प्रतियोगिता रेतगढ़ व थंबड की टीम के बीच हुआ। इस दौरान रेतगढ़ की टीम ने रोमांचक मुकाबला 21-18 के अंतर से हराकर प्रतियोगिता जीत ली। मौके पर मुख्यातिथि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी ने कहा कि कबड्डी का खेल हमारी प्राचीन संस्कृति का प्रतीक रहा है। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हरपाल मारुपुर, महेंद्र नागल, देव मुंजाल व मास्टर मामचंद आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला अपराध अन्वेक्षण शाखा ने ककड़ौनी मोड बिलासपुर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा व एक जिंदा राउंड बरामद किया है। सिपाही जागीर सिंह ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ बिलासपुर क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि ककड़ौनी मोड़ के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। वहां युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी कट्टा व एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। आरोपी युवक की पहचान जिला कुरुक्षेत्र के गांव खेड़ी दबदलान निवासी अमरजीत उर्फ टीपू के रूप में हुई। उसे अदालत में पेश किया, उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर भाजपा ने निकाली पैदल एकता

# एकता, सत्यनिष्ठा और सेवा है भारत की पहचान : राणा

खेड़ी लक्खा सिंह से रादौर तक करीब 10 किलोमीटर तक पदयात्रा चली, कृषि मंत्री ने की अगुवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

देश की अखंडता, समरसता और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को भाजपा द्वारा खेड़ी लक्खा सिंह से रादौर तक करीब दस किलोमीटर की पैदल एकता यात्रा का आयोजन किया गया। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने गांव खेड़ी लक्खा सिंह से अनाज मंडी रादौर तक इस यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा विभिन्न गांवों से होते हुए हजारों नागरिकों की भागीदारी के साथ सम्पन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, बच्चों, सामाजिक संगठनों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर यात्रा में भाग ले रहे सभी को देश की एकता एवं अखंडता को लेकर शपथ दिलाई गई।



यमुनानगर के रादौर में आयोजित पैदल एकता यात्रा का नेतृत्व करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

कृषि मंत्री श्याम सिंह ने कहा कि यह एकता यात्रा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्र निर्माण और जनजागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पटेल जी ने अपने साहस, दृढ़ संकल्प और अद्भुत नेतृत्व से देश की सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में जोड़कर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया। उन्होंने कहा सरदार पटेल की विचारधारा हमें सिखाती है कि राष्ट्रीय एकता, सत्यनिष्ठा और सेवा भाव ही सशक्त भारत की पहचान है। हमारी नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित में योगदान देना चाहिए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हर भारतीय का सामूहिक संकल्प होना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो स्थानीय कारीगर, महिला समूह और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। आत्मनिर्भर भारत का रास्ता स्वदेशी से होकर गुजरता है। यात्रा के दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने प्रतिभागियों को आपसी भाईचारे, नशा मुक्ति और सामाजिक सद्भाव की शपथ दिलाई। उन्होंने आह्वान किया कि महान राष्ट्र निर्माताओं की जयंती को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सकारात्मक सामाजिक अभियानों के माध्यम से मनाया जाना चाहिए। इसके उपरांत गांव रादौरी में पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, भारत भूषण जुयाल,मार्किट कमेटी चेयरमैन रूपिंद्र सिंह, जिला महामंत्री नरेन्द्र राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज व धनपत सैनी आदि मौजूद रहे।

## सरकारी टीचर ने फाइनेंसरों पर करवाया केस दर्ज

- ब्याज पर लिए पांच लाख 60 हजार रुपये लौटाने के बाद फाइनेंसरों पर 13 लाख रुपये और मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर में एक सरकारी टीचर के साथ फाइनेंसर और उसके साथी द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। टीचर का आरोप है कि उसने ब्याज सहित सारे उधार पैसे लौटा दिए, फिर भी आरोपी 13 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहे हैं। पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज और प्लॉट हड़पने की साजिश रच रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी फाइनेंसरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में गांव गंदापुरा निवासी हरिचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गधौली के सरकारी स्कूल में टीचर है और इस समय एकता विहार कॉलोनी में परिवार के साथ किराए पर रहता है। उसने बताया कि 2023 में अपने माता-पिता के इलाज के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो वर्कशॉप निवासी विक्की सागर से मिला। विक्की ने उसे शहर के फव्वारा चौक निवासी राहत गंभीर से मिलवाया जोकि फाइनेंसर है। उसने अलग-अलग समय पर राहत गंभीर से कुल पांच लाख 62 हजार रुपये का कर्ज लिया। इसमें से फाइल चार्ज और विक्की सागर का कमीशन काटकर राशि उसके और उसकी पत्नी के खाते में ट्रांसफर की गई। हरिचंद ने आरोप लगाया कि उसने समय पर ब्याज चुकाया और बाद में पूरी मूल राशि पांच लाख 10 हजार रुपये एटीएम व स्कैनर के जरिए तथा दो लाख रुपये नकद लौटा दी। इसके अलावा विक्की सागर को 59 हजार रुपये कमीशन दिया। लेकिन इसके बावजूद आरोपी उससे 13 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। उसने बताया कि आरोपी उसके खाली चेक, स्टांप पेपर, एटीएम कार्ड और बाइक जब्त कर रखी है। आरोपी उसे प्लॉट हड़पने व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपियों ने उनके घर आकर परिवार को धमकाया, मारपीट की और बाइक छीन ली। उधर, जांच एसआई जगतार सिंह ने कहा कि शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## छछरौली में लगे कैंप में 50 यूनिट रक्तदान

- मित्र फाउंडेशन छछरौली द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर, युवाओं से वर्ष में तीन बार रक्तदान करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मित्र फाउंडेशन छछरौली द्वारा शहर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में बाल कल्याण समिति के चेयरमैन अशोक कुमार मौजूद रहे।



रक्तदान शिविर में बैज लगा शुभारंभ करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा।

मुख्यातिथि एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में करीब 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि रक्त की सरंचना केवल मानव शरीर से ही संभव है। उन्होंने लोगों से खासकर युवा वर्ग से अपने शरीर को स्वस्थ रखने और दूसरों की जिंदगी बचाए जाने के लिए वर्ष भर में कम से कम तीन बार अपना रक्त अवश्य दान करने के लिए आह्वान किया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि रक्त बनाने का कोई विकल्प नहीं है। शिविर में पलक अग्रवाल, विशाल शर्मा, योगेश अग्रवाल, सुनील रोहिल्ला, गुलशन अरोड़ा व रामगोपाल आदि मौजूद थे।

## रंजिश के चलते युवक पर तलवार व किरपान से किया जानलेवा हमला

- युवक के सिर व हाथों में लगी चोटें, अस्पताल में उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी की धरमपुरा कॉलोनी में रंजिश के चलते कुछ युवकों ने पुरानी अनाज मंडी जगाधरी निवासी 19 वर्षीय जागृत उर्फ विशु पर तलवार व किरपान से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जागृत के सिर व हाथों पर गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुरानी अनाज मंडी जगाधरी निवासी मुक्ता ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके लड़के जागृत की कुछ दिन पहले तुषार सिंह व रोहन भारद्वाज के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उसके बाद से आरोपी उसके लड़के से रंजिश रखे हुए थे। मुक्ता ने बताया कि 15 नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे उसका लड़का जगाधरी की धरमपुरा कॉलोनी में किसी काम से गया था। इस दौरान आरोपी तुषार सिंह व रोहन भारद्वाज ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके लड़के जागृत पर तलवार व किरपान से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसके बेटे के सिर व हाथों पर गंभीर चोट लगी है। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। जब उसे मारपीट की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंची और अपने बेटे को अस्पताल में भर्ती करवाया।

## भ्रम फैलाने वालों को जनता नहीं करेगी बर्दाश्त : चौहान

- भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने बिहार में एनडीए को बहुमत मिलने पर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को प्रचंड बहुमत देकर विकास व सुशासन के मॉडल पर जीत की मोहर लगाई है। वहीं, बिहार चुनाव में विपक्षी दलों द्वारा नाकारात्मक भ्रम फैलाने वालों को वोट की चोट से करारा सबक सिखाया है। उन्होंने उक्त शब्द रविवार को शहर के गोबिंदपुरी मार्ग स्थित अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए कहे।

ओबीसी मोर्चा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि बिहार में विकास व सुशासन की जीत हुई है। बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर भरोसा जताया है। चौहान ने कहा कि बिहार में आए जनादेश ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की नकारात्मक और भ्रम फैलाने वाली राजनीति को जनता अब स्वीकार



मदन चौहान।

करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जिस तरह गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए योजनाएं लागू की हैं। उनके प्रभाव का सीधा लाभ जमीन पर दिखा है। यही भरोसा भाजपा के पक्ष में एक बार फिर मजबूत जनादेश के रूप में सामने आया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिहार चुनाव अभियान में सक्रिय योगदान करके संगठन को मजबूती दी है। हरियाणा से गए भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी बूथ स्तर तक मेहनत कर पार्टी के समर्थन में मजबूत माहौल बनाया। यह भाजपा की संगठनात्मक क्षमता और एकजुट प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जातीय समीकरणों और नकारात्मक राजनीति की जगह विकास को तरजीह दी है। जो देशभर में बदलते राजनीतिक दृष्टिकोण की ओर संकेत करता है। यह जनादेश आने वाले समय में विकास आधारित राजनीति को और गति प्रदान करेगा।

## फर्जी दस्तावेज से चार लोगों ने ट्यूबवेल करवाया अपने नाम

- बापत निवासी मखमल की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**यमुनानगर।** जिला प्रताप नगर थाना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर ट्यूबवेल अपने नाम करवाने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला गांव बागपत निवासी मुला उर्फ मखमल की शिकायत पर दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव बागपत निवासी मुला उर्फ मखमल ने प्रताप नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव में ही ट्यूबवेल है। इससे वह अपने खेतों में फसल की सिंचाई करता है। गत जून 2025 में आरोपी नाजिम, रसीद, सलीम व सादिक ने ट्यूबवेल के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे अपने नाम करवा लिया। जब उसे इस बात का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

## प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों की प्रतिभा में आता है निखार : डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग के तत्वावधान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके सिंह ने किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके सिंह ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में शुभम, सोनम व दीपांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आंचल, वंशिका व बलप्रीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, समीक्षा, महक व नितिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कालेज प्राचार्य डॉ. एसके सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में रुचिपूर्वक भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का सुअवसर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता प्रो. रितु बेनीवाल, प्रो. रितु नरवाल, डॉ. नैंसी, डॉ. रामा स्वामी, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



**रादौर।** क्विज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी खुशी जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## सहकारी समितियों ने एक वर्ष में किसानों को दिया तीन करोड़ ऋण : बंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सहकारी समितियों के 72वें स्थापना दिवस पर रविवार को सोनीपत में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में दी यमुनानगर सहकारी बैंक का जत्था रादौर से रवाना हुआ। जत्थे का नेतृत्व यमुनानगर सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने किया।

बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने बताया कि दी यमुनानगर सहकारी बैंक नई नई ऊंचाईयों को छू रहा है। जिले की सहकारी समितियों ने गत वर्ष किसानों व जरूरतमंदो को करीब तीन करोड़ रुपये ऋण की सुविधा दी है।

चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने कहा कि सहकारी समितियां कर्मचारियों को किसानों की सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं व अन्य लोगों को हर सुविधा दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें किसानों के कार्य करने के लिए ही चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह जिले के किसानों को हर बुनियादी सुविधा देने का काम कर रहे हैं।



**रादौर।** सोनीपत में आयोजित समारोह के लिए रवाना होता सहकारी समितियों के कर्मचारियों का जत्था। *फोटो : हरिभूमि*

## फरियादियों की शीघ्र फरियाद सुनकर दिलाएं न्याय : नरेंद्र राणा

- जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सिटी थाना यमुनानगर में अनुसंधान अधिकारियों की बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिटी थाना परिसर में अनुसंधान अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिटी थाना यमुनानगर के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा ने की।

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा ने थाना में तैनात अनुसंधान अधिकारियों को गैर कानूनी धंधा करने वालों तथा अपराध व अपराधियों की खोज खबर लेकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को आदतन अपराधियों की समय समय पर जांच कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखे जाने और महिला विरुद्ध अपराधों को गंभीरता से लेते



सिटी थाना में आयोजित बैठक में निर्देश देते थाना प्रभारी नरेंद्र राणा।

हुए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा ने कहा कि पीएम व सीएम विंडो और पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजें। वहीं, थाना में आए फरियादियों की फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को आधुनिक टेक्नोलॉजी से अपने आप को पूरी तरह प्रशिक्षित रखने और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की पालना करते हुए मांगे गए जबाव को निश्चित समय अवधि में भेजना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। राणा ने कहा कि थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष सावधानी व सतर्कता बरतें और अधिक से अधिक चेकिंग व गश्त करें। ताकि गृहभेदन व वाहन चोरी जैसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो। थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने आमजन से अपने आसपास किसी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई देने पर तुरंत संबंधित पुलिस को सूचना देने के लिए आहवान किया। ताकि समय रहते ऐसे तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में भज गोविंदम भजन संध्या कार्यक्रम

# आध्यात्मिक विज्ञान है भज गोविंदम का वास्तविक अर्थ : भारती

साध्वी जयंती भारती ने श्रद्धालुओं को समझाया भज गोविंदम का वास्तविक अर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में भज गोविंदम भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य श्रद्धआलुओं को ब्रह्मज्ञान की शाश्वत विधि से परिचित करवाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के चरण कमलों में वंदना करके किया गया। इस दौरान साध्वी जयंती भारती ने भज गोविंदम के वास्तविक अर्थ को समझाया।

साध्वी जयंती भारती ने फरमाया कि भज गोविंदम का अर्थ परमात्मा के नाम को बोलना या जपना मात्र नहीं है। बल्कि यह एक बहुत गहरा आध्यात्मिक विज्ञान है जो हमें ईश्वर के शाश्वत नाम से जुड़ने की प्रेरणा देता है। वह नाम जिसे मुख से नहीं बोला जा सकता है। बल्कि पूर्ण गुरु की कृपा से आत्मा की गहराइयों में ही सुना जा सकता है। साध्वी सुश्री जयंती भारती ने श्रद्धालुओं को समझाया कि केवल एक पूर्ण सद्गुरु की कृपा द्वारा ही व्यक्ति ब्रह्मज्ञान की शाश्वत विधि को प्राप्त कर सकता है। यह सभी विद्याओं की परम विद्या है। जिसके माध्यम से मनुष्य ईश्वर का प्रत्यक्ष दर्शन (तत्व दर्शन) करता है और उसका अव्यक्त नाम सुन पाता है। साध्वी ने बताया कि वर्तमान युग में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज द्वारा जन जन को ब्रह्मज्ञान की शाश्वत विधि प्रदान कर रहे हैं। जिसे प्राप्त कर हम अपने जीवन में चिरस्थाई, सकारात्मक व दिव्य परिवर्तन का अनुभव करते हैं। उन्होंने सभी को केवल बाहरी रूप से जप करने के लिए नहीं अपितु अंतर्जगत में ईश्वर का दर्शन करने हेतु आमंत्रित किया। कार्यक्रम के माध्यम से नशा जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए आहवान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में साध्वी बहनों व अन्य ने भावपूर्ण व आध्यात्मिक भजनों और दिव्य विचारों से श्रद्धालुओं व गणमान्य को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं में प्रसाद रूपी भंडारे का वितरण किया गया।






दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित भजन संध्या में प्रभु का गुणगान करते हुए साध्वी बहनें व श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

### गांव बहादुरपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



गांव बहादुरपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते सतीश दताना।

**रादौर।** क्रिकेट क्लब द्वारा गांव बहादुरपुर में रविवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश दताना ने रिबन काटकर किया। मुख्यातिथि सतीश दताना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों का विस्तार युवाओं को अनुशासन, टीम भावना व स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। सतीश दताना ने ग्रामीण युवाओं द्वारा खेल गतिविधियों में बढ़ते उत्साह की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे गांव में खेल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग देंगे। इस अवसर पर मंगत राम कपूर, शैंकी व कपिल आदि मौजूद रहे।

# मार्केट कमेटी के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन ने संभाली कुर्सी, अनिल विज ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि मैंने हमेशा विकास की राजनीति की है। जब-जब चुनाव लड़ा, तब मैने धर्म, जाति, क्षेत्रवाद का कभी प्रयोग नहीं किया। उन्होंने अंबाला छावनी मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन, उप चेयरमैन, नामित सदस्यों व नगर परिषद सदस्यों से कहा कि आप भी यही ध्येय बनाएं कि अपने-अपने क्षेत्र में हमने काम करना है। जो दायित्व मिला है वह बहुत बड़ा दायित्व है। किसानों की जो समस्याएं होंगी या आएंगी, उनका आपने समाधान करना है। विज रविवार को अंबाला छावनी मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन बलविंद्र सिंह शाहपुर व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र बिंद्रा डब्बू के पदग्रहण समारोह के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने दोनों को कुर्सी पर बिठाकर पदभार ग्रहण करवाते हुए उन्हें बधाई दी। इससे पहले कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर मार्केट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज व भाजपा के अन्य पदाधिकारी गणों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। गौरतलब है कि सरदार बलविंदर सिंह दूसरी बार मार्केट कमेटी के चेयरमैन नियुक्त हुए हैं। विज ने कहा कि सब्जी मंडी से संबंधित जो समस्या है उस बारे आढ़तियों व अन्य के साथ बातचीत की जाएगी और सबकुछ ठीक रहा तो इसी माह इस समस्या का हल भी करवा दिया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया कि उन्होंने मार्किट कमेटी चेयरमैन, उप चेयरमैन के साथ-साथ 18 सदस्यों को नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि चेयरमैन व वाइस चेयरमैन अनुभवी हैं। वह किसानों की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि दोनों मिलकर किसानों से संबंधित जो भी समस्या होगी उसका हल करेंगे। विज ने कहा कि अनाज मंडी के लिए कई पूर्व मुख्यमंत्रियों ने पत्थर तो लगाए लेकिन वह पत्थर ही लगे रह गए। धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। आपने जो ताकत मुझे दी है उस ताकत के बलबूते पर मैंने सबसे पहला प्रोजेक्ट अनाज मंडी को शहर से बाहर स्थापित करवाने का काम किया। अंबाला छावनी अनाज मंडी यह ऐसी मंडी है जो जीटी रोड हाईवे पर स्थित है और सभी सुविधाओं से सम्पन्न है। यहां पर किसानों के लिए रेस्ट हाउस के साथ-साथ कैंटीन की भी व्यवस्था है। चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का कार्यालय भी काफी बढिया है। अंबाला छावनी स्थित बाजार में पहले जो पुरानी मंडी थी, उसमें न तो अनाज डालने की व्यवस्था थी बल्कि जो अनाज वहां डाला जाता था वह नगर परिषद के कार्यालय के बाहर तक आ जाता था, खराब भी हो जाता था तथा जानवर भी उसे खराब कर देते थे। किसानों को अनाज की रखवाली जागकर करनी पड़ती थी। पुरानी अनाज मंडी के नजदीक रहने वाले दुकानदारों के साथ-साथ अन्य को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गेहूं व धान के सीजन में अनाज आने पर बाजार तक बंद हो जाते थे।

■ मंत्री बोले चेयरमैन व वाइस चेयरमैन मिलकर किसानों की समस्याओं के समाधान में निभाएं अहम भूमिका



अंबाला। मार्केट कमेटी के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का अभिनंदन करते मंत्री अनिल विज व समारोह में मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

मौके पर एसडीएम विनेश कुमार,नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, भाजपा पदाधिकारी विकास बहगल, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, जसबीर जस्सी, सुदर्शन सिंह सहगल, आढती एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, रवि सहगल, मदन लाल शर्मा, नरेंद्र राणा, राजीव डिंपल, बिजेंद्र चौहान, किरण पाल चौहान, बलित नागपाल, बलकेश वत्स, एसआर कलसी, एडवोकेट एके सहगल, दीपक भसीन, पुनीत सिरपाल, बीएस बिंद्रा, मोहित कौशिक के साथ गणमान्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जीएसटी रिफंड विषय पर सेमिनार आयोजित

**अंबाला।** हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एचसीसीआई) के अंबाला चैप्टर की ओर से निजी पैलेस में एमएसएमई उद्योगों के लिए राज्य सब्सिडी, आयात निर्यात लाभ और जीएसटी रिफंड विषय पर सेमिनार आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में 130 से अधिक उद्योगपतियों, उद्यमियों, निर्यातकों, पेशेवरों और एमएसएमई मालिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएसएमई के संयुक्त निदेशक दीपक नरवाल के उद्घाटन भाषण से हुआ। उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं का परिचय कराया।

### सिपाही की हत्या में इस्तेमाल हथियार जब्त

**मुलाना।** गांव सिरसगढ़ में शादी समारोह में हुई पुलिसकर्मी की हत्या मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों से रिमांड के दौरान वारदात में प्रयोग की गई रॉड और डंडा बरामद किया है। मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि पुलिस ने यमुनानगर के सुघ माजरी के टिंकू, विकास, मोहित कुमार, गौरव, शंटी और विशाल को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी टिंकू, मोहित और विकास को एक दिन के रिमांड पर भेज लिया गया था। जबकि गौरव, शंटी और विशाल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गांव सुघ माजरी से सिरसगढ़ में बारात आई थी। सभी आरोपी बाराती बनकर आए थे। आरोपियों ने कंबासी के अमन कुमार, उसके भाई व अन्य पर रॉड-डंडों से हमला कर दिया। इसमें अमन कुमार बुरी तरह जख्मी हो गया था। एमएम अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी।

## सरकारी खरीद व भवन निर्माण में गड़बड़झाले का मामला

# राजकीय पीजी कॉलेज में फर्जीवाड़ा, पूर्व और मौजूदा प्रिंसिपल समेत 10 पर केस

राज्य सतक्रता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने की कार्रवाई

राजकीय पीजी कॉलेज का बाहरी दृश्य।




खरीद और निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर 2 करोड़ का दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राजकीय पीजी कॉलेज अंबाला कैंट में सरकारी खरीद नियमों के उल्लंघन, सरकारी धन के गबन और फर्जीवाड़ा सहित अन्य गंभीर आरोपों में तत्कालीन प्रिंसिपल, सहायक प्रोफेसर और वेंडरों सहित कुल 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अंबाला रेंज के पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। दर्ज किए गए केस में जांच एर्जेसी ने मामले में तत्कालीन प्राचार्य अरुण जोशी, पूर्व प्राचार्य खुशीला, वर्तमान प्राचार्य देशराज बाजवा, सहायक प्रोफेसर इतिहास अतुल यादव, सहायक प्रोफेसर भूगोल अजय चौहान, सहायक प्रोफेसर अंग्रेजी मुनीष त्रिगठिया, वेंडर राकेश कालड़ा, राकेश कुमार, आशीष और प्रिंसिपल संजय कुमार को आरोपी बनाया है। सभी आरोपियों पर बीएनएस की धाराओं में आपराधिक षड्यंत्र, लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जाली दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा आरोपियों पर भ्रष्टाचार के भी अरोप लगाया गया है। करनाल के रमेश अहलावत ने एसीबी को 5 जून 2024 को ईमेल के माध्यम से एक शिकायत भेजी थी। शिकायत में अहलावत ने राजकीय पीजी कॉलेज अंबाला कैंट में बड़े स्तर पर गड़बड़ी होने के आरोप लगाए थे। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गठित एक तथ्य-खोज समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर जांच के आदेश दिए थे।

### शिकायत पर हुई जांच में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार होने का हुआ था खुलासा

### कई नए खुलासे होने की संभावना

समिति ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला कि वेंडरों के जीएसटी नंबर या तो गलत, पता न मिलने वाला या अमान्य पाया गया। समिति ने इसे बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी व गबन की संभावना मानते हुए मामले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से कराने की सिफारिश की थी। सरकार के मुख्य सचिव ने एसीबी को मामले की जांच करने का निर्देश दिए हैं। ऐसे में अब मामले की गहनता से जांच के बाद कई नए खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### खरीद बिलों में फर्जी जीएसटी नंबर और एचएसएन कोड का उपयोग का दावा

### कमरों व भवन का निर्माण किया

जांच के दौरान खरीद बिलों में फर्जी जीएसटी नंबर और एचएसएन कोड का उपयोग किए जाने का दावा किया था। जांच में यह बात भी सामने आई कि आरोपियों ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से खरीद नहीं की है। जांच में यह भी दावा किया गया है कि वर्ष 2021 से खरीद और निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर 2 करोड़ रुपये का दुरुपयोग किया गया है। इसके अलावा कॉलेज परिसर के अंदर लोक निर्माण विभाग की बजाय अपने स्तर पर कमरों व भवन का निर्माण किया गया है।

# सनातन संस्कृति में संक्रांति के दिवस की अहम महत्ता


अंबाला। सक्रांति प्रसाद का वितरण करते पंजाबी बिरादरी के लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ की ओर से श्री अरूट जी महाराज वाटिका के बाहर बांटा सक्रांति का प्रसाद

राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सचदेवा ने बताया कि राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ के प्रकल्प पंजाबी बिरादरी विकास सभा हरियाणा द्वारा पिछले कई वर्षों से जो संक्रांति प्रसाद का वितरण हर मास श्री अरुट जी महाराज वाटिका सेक्टर 7 अंबाला शहर के बाहर किया जाता है।

निरंतर सेवा प्रकल्प की श्रेणी में यह एक प्रकल्प है। उन्होंने कहा कि इस सेवा प्रकल्प का उद्देश्य केवल जनता को प्रसाद उपलब्ध कराना नहीं है। इसका उद्देश्य आम जनमानस को भारतीय सनातन संस्कृति में संक्रांति के दिवस की महत्ता का बोध कराना भी है । इसके साथ-साथ श्री अरुट महाराज वाटिका के बाहर जब हम इस कार्यक्रम का आयोजन करते हैं तो निश्चित तौर पर समाज के लोगों को श्री अरुट महाराज के बारे में भी पता चलता है। उन्होंने कहा की पंजाबी समाज को एकत्र करके समाज सेवा और राष्ट्र की सेवा में लगाना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है। और इस उद्देश्य की पूर्ति में सारे पंजाबी समाज की सामूहिक भागीदारी पिछले कई सालों से चल रही है।

### सेवा प्रकल्प 5 वर्षों से निरंतर चल रहा

उन्होंने कहा कि श्री अरुट महाराज वाटिका के बाहर लगने वाला यह सेवा प्रकल्प पिछले लगभग 5 वर्षों से निरंतर चल रहा है। पंजाबी बिरादरी के सदस्य इस सेवा प्रकल्प को चल रहे हैं। इस कार्यक्रम में राजकुमार मेहंदीरता, अश्वनी ढींगरा, दीपक बत्तरा, आशु कक्कड़, अरुण मेहंदीरता समेत बिरादरी के कई लोगों का अहम योगदान है। समाज के दूसरे लोग भी इस प्रकल्प में हर संभव सहयोग कर रहे हैं।

# शहीदी समारोह: नगर कीर्तन का होगा रात्रि विश्राम

■ गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में की जा रही तैयारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



श्री गुरु तेग बहादुर साहिब , भाई मति दास , भाई सती दास व भाई दयाला के 350वें शहीदी समारोह के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है।

इसी कड़ी के तहत पिंजौर से आरंभ हुआ नगर कीर्तन आगामी 22 नवंबर को यहां पहुंच रहा है।ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत 11 नवंबर को पंचकूला में स्थित गुरुद्वारा श्री नानक दरबार से राज्यस्तरीय नगर कीर्तन यात्रा आरंभ की थी । यह ऐतिहासिक यात्रा 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में संपन्न होगी। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेंबर राजिंदर सिंह कोकी ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही।यात्रा विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए 22 नवंबर को सुबह गुरुद्वारा श्री लखनौर साहिब से आरंभ होकर माजरी, मर्दों साहिब, दुराना, साहपुरा, छोड़पुर, मोहड़ा, दुखेड़ी, फड़ोली, खानपुर, चुडियाला, केसरी, लंगरछनी, केसरी रेलवे स्टेशन, बिहटा, ढकोला, साहा, नाहोनी-कालपी अड्डा, मुलाना, दोसड़का से होते हुए बराड़ा पहुंचेगी। यहां गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में नगर कीर्तन का रात्रि विश्राम होगा। 23 नवंबर को यहां से आरंभ होकर गांव अधोया, अधोई, उगाला, कसेरला, जलूबी, डाडलू-पाडलू, रावा से होते हुए गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब शाहाबाद मारकंडा में रात्रि विश्राम होगा।

### कुरुक्षेत्र में होगा महासमागम

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेंबर राजिंदर सिंह कोकी ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चार पवित्र नगर कीर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं। यह सभी जिलों से गुजरेंगी। इन यात्राओं का समापन 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा। अगले दिन 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी वर्ष पर कुरुक्षेत्र में महासमागम का आयोजन होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# अग्निशमन विभाग के रणदीप बने ब्लॉक अध्यक्ष

17 वें त्रिवार्षिक सांगठनिक प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लॉक स्तरीय 17 वें त्रिवार्षिक सांगठनिक प्रतिनिधि सम्मेलन नगर पालिका में विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सेवा राम बोहत ने व मंच संचालन जिला सचिव रविन्द्र शर्मा ने किया। सम्मेलन का विधिवत रूप से उद्घाटन कुलदीप चौहान ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार द्वारा अब तक भी किसी भी कर्मचारी को पक्का नहीं किया गया है। राज्य सरकार द्वारा डीसी रेट भी बंद कर दिया गया है जिससे पिछले 4 सालों से कर्मचारियों का वेतन भी नहीं बढ़ा है। सरकार द्वारा वेतन के नाम पर कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सरकार द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया तो वे अपने आंदोलन को ओर तेज करेंगें।

### सर्वसम्मति से चुनाव

इस बैठक में जिला प्रधान सेवा राम बोहत द्वारा ब्लॉक स्तर की कमेटी का चुनाव भी सर्वसम्मति से करवाया गया। इस दौरान आगामी तीन वर्षो के लिए चुनाव पर्यवेक्षक इंद्र सिंह को चुना गया। इसके अलावा अग्निशमन विभाग से रणदीप सिंह को ब्लॉक प्रधान, पशुपालन विभाग से अजय कुमार को ब्लॉक सचिव, बिजली विभाग से गुरतेज सिंह को कैशियर और नगरपालिका से वेद प्रकाश व कविता रानी को उप प्रधान चुना गया। रिटायर्ड संघ से कुलदीप चौहान को मुख्य सलाहकार तथा राजबाला को ब्लॉक सदस्य के रूप में चुना गया।

### भाला फेंक प्रतियोगिता में नौवीं की छात्रा नाव्या ने जीता सिल्वर मेडल

**अंबाला।** एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल की छात्रा कक्षा नौवीं की नव्या ने अस्मिता जिला स्तरीय एथलीट लीग 2025-26 में भाला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। नव्या का ये उल्लेखनीय प्रदर्शन उसकी मेहनत, समर्पण, अनुशासन और खेलो में रुचि की भावना की दर्शाता है। स्कूल की प्रबंधक समिति के प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन और प्राचार्या ने छात्रा की इस विशेष उपलब्धि पर उसे बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

हर साल आयोजित होता है कार्यक्रम, दूर-दूर से आते लोग

# लालांवाला पीर की दरगाह पर श्रद्धालुओं ने मत्था टेका मांगी मन्नतें

दो दिन चला उर्स ,कव्वालों ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना




कस्बा में लालां वाला पीर की दरगाह पर हर वर्ष की भांति होने वाले दो दिवसीय उर्स का रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ । उर्स के उपलक्ष में पहले झंडा रस्म अदा की गई। झंडा रस्म के अवसर पर नंबरदार राधेश्याम मौजूद रहे। शाम के समय चादर शरीफ कार्यक्रम रखा गया ।

चादर शरीफ कार्यक्रम का आयोजन गाजे बाजे के साथ हुआ। चादर शरीफ के दौरान कस्बे में एक धार्मिक यात्रा का आयोजन भी हुआ।जिस के बाद चादर चढ़ाने की रस्म अदा की । रविवार की दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में श्रदालुओ ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम सरपंच प्रवीन कुमार ,समाजसेवी नरेंद्र बिलमा ने भी दरगाह पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भक्त बब्बू अंबाला छावनी का यहां आगमन पर स्वागत किया । बब्बू भक्त ने सखीं सरवर लालांवाला पीर की दरगाह पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को पीरबाबा की जीवनी सुनाई । इस दौरान उन्होंने कहा कि जब मैं था तब तू नहीं, अब तू है , अब मैं नहीं ,मैं तूं की लड़ाई में दुनिया फायदा उठा गई, जब देखा दुनिया का हाल, तब तेरी ही चाहत मुझे भा गई। इन लाइनों में उन्होंने जीवन की सच्चाई को वर्णित किया।

### रोशनी का कार्यक्रम

उर्स के अवसर पर दरबार में रोशनी का कार्यक्रम धूमधाम से किया गया। सखीं दरबार को लाइटिंग से विशेष रूप से सजाया गया। इस दौरान आतिशबाजी का कार्यक्रम भी हुआ। उर्स के अवसर पर कव्वाली कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कव्वालों ने समा बांध दिया । इस दौरान श्रदालुओं ने मंत्र मुग्ध हो कव्वाली का आंनद लिया। लालां वाला पीर है लखा दा दाताये तो मेरे कमली वाले का कर्म है' कव्वाली पर भगत झूम कर नाचे । उर्स का आयोजन बब्बू भक्त की देखरेख में हुआ।


कुरुक्षेत्र। महोत्सव में पहुंचे पर्यटक।


कुरुक्षेत्र। पर्यटकों का मनोरंजन करते कच्ची घोड़ी के कलाकार।


कुरुक्षेत्र। भंगड़े की प्रस्तुति देते कलाकार।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ▶▶ 6 प्रदेशों के पहुंचे कलाकार ▶▶ चार बैचों में बंटा शेड्यूल

# विभिन्न प्रदेशों के सांस्कृतिक रंगों की महक लिए पहुंचे कलाकार

- 450 कलाकार अपनी सांस्कृतिक विधाओं के माध्यम से पर्यटकों के मन को लुभाने का काम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में ब्रह्मसरोवर की फिजा में अलग-अलग प्रदेशों के सांस्कृतिक रंगों की महक लेकर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र की तरफ से 6 प्रदेशों के कलाकार पहुंच चुके है। इस महोत्सव में 5 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर के घाटों के पर एनजेडसीसी के कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इसके लिए 4 बैचों में महोत्सव के शेड्यूल को बांटा गया है ताकि पर्यटकों का लगातार मनोरंजन किया जा सके। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र पटियाला के अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि सरकार के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पिछले कई सालों से लगातार एनजेडसीसी के कलाकार देश विदेश से आने वाले पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे है। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए ब्रह्मसरोवर के घाटों पर हर किसी के कदम रुक जाते है। यहां आने वाले पर्यटक इन कलाकारों का इंतजार करते है। उन्होंने कहा कि एनजेडसीसी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार 15 नवंबर से 24 नवंबर तक 101 कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।





शारदार प्रस्तुति देते कलाकार

### महोत्सव में रंगीनी का जश्न

हिमाचल प्रदेश के 15 कलाकार लुड्डी व गिद्दा, राजस्थान के 11 कलाकार कालबेलिया, लांगा गायन व भवई नृत्य, जम्मू-कश्मीर के 15 कलाकार डोगरी, जागरना, पंजाब के 15 कलाकार भांगड़ा, जिंदवा और झूमर तथा उत्तराखंड के 15 कलाकार छपेली, गसीयारी नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के 13 कलाकार मानरा नृत्य व अवध की होली प्रस्तुत करेंगे तथा पंजाब से बाजीगर ग्रुप और राजस्थान के कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर से 29 नवंबर तक हिमाचल प्रदेश का झमकदा, उत्तराखंड के कलाकार बरसाना की होली व ठाडिया चौफला, महाराष्ट्र के कलाकार सोंगी मुखवाटे, त्रिपुरा के कलाकार होजागिरी, छत्तीसगढ़ के कलाकार पांथी, गौड मारिया व पांडवानी गायन, जम्मू-कश्मीर के कलाकार राउफ, पंजाब के कलाकार गतका की प्रस्तुतिया देंगे। इस महोत्सव में तीसरा बैच 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के कलाकार डेढिया, मध्यप्रदेश के कलाकार गुडुम बाजा, लद्दाख के कलाकार जबरो व फ्लावर डांस, गुजरात के कलाकार गरबा, झारखंड के कलाकार पुरलिया चाहु, मणीपुर के कलाकार पूंग चूलम, ढोल चूलम व थांगाटा, सिक्किम के कलाकार तमांग सेलो व नेपाली नृत्य, ओडिसा के कलाकार घुगकुडु व संबलपुरी नृत्य तथा मेघालय के कलाकार वांगला नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। सांस्कृतिक अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि चौथा बैच 1 दिसंबर से लेकर 5 दिसंबर तक अपनी-अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे, जिनमें पंजाब के कलाकार झूमर, जम्मू-कश्मीर के कलाकार धमाली तथा पंजाब का बाजीगर ग्रुप अपनी प्रस्तुयिां देगा। इस प्रकार चारों बैचों में लगभग 450 कलाकार अपनी सांस्कृतिक विधाओं के माध्यम से पर्यटकों के मन को लुभाने का काम करेंगे।

### प्रसिद्ध सूफी गायक कंवर ग्रेवाल बनेंगे गीता महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या की शान

कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में प्रसिद्ध सूफी गायक कंवर ग्रेवाल सांस्कृतिक संध्या की शान बनेंगे। इस सूफी गायक के साथ-साथ प्रसिद्ध टीवी कलाकार पुनित इस्सर, गायक सुरेश वाडेकर व भजन गायक अनूप जलोटा अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव में पहुंच रहे है। यह सभी प्रसिद्ध कलाकार ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग के मुख्य मंच पर सांय 6 बजे निर्धारित शेडयूल के अनुसार प्रस्तुतियां देंगे। यह प्रस्तुतियां 24 नवंबर से लेकर 1 दिसंबर तक होंगी। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मुख्य मंच सजाया गया है। इस मंच की साज सज्जा का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस वर्ष भी सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तमाम प्रस्तुतियां निर्धारित शेडयूल के अनुसार हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग चंड़ीगढ़ और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र पटियाला के माध्यम से की जाएंगी। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को प्रसिद्ध सूफी गायक कंवर ग्रेवाल सायं 6 बजे के आसपास अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके बाद 26 नवंबर को प्रसिद्ध कलाकार पुनित इस्सर, 27 नवंबर को प्रसिद्ध गायक सुरेश वाडेकर, 28 नवंबर को रामायण, 29 नवंबर को डा. हरिओम पंवार, 30 नंवबर को साध्वी पूर्णिमा और 1 दिसंबर को प्रसिद्घ भजन गायक अनूप जलोटा अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्रसिद्घ कलाकार पवित्र ग्रंथ गीता और महाभारत पर आधारित अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## 5 दिसंबर तक होंगे विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

आमजन को नि:शुल्क कानूनी सहायता दी जा रही

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक ब्रह्मसरोवर के तट पर स्थित स्टॉल नंबर 52-53 पर एक विशेष विधिक जागरूकता स्टॉल लगाई गई है। इन स्टॉल्स पर डीएलएसए के पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी द्वारा आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता एवं परामर्श प्रदान की जा रही है। इसके साथ-साथ इस स्टॉल पर विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सामाजिक एवं विधिक विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य लोगों में विधिक साक्षरता एवं सामाजिक चेतना को बढ़ावा देना है। सीजेएम नीकिता भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए द्वारा 17 नवंबर 2025 को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर लॉ कॉलेज द्वारा दहेज और घरेलू हिंसा पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति होगी।



### कार्यक्रमों की रुपरेखा

इसी प्रकार 18 नवंबर को डिपार्टमेंट ऑफ लॉ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा किशोर संरक्षण पर नाटक, 19 नवंबर को भारत कॉलेज ऑफ लॉ बाबैन द्वारा कस्टडी और अपराध पर प्रस्तुति, 20 नवंबर को इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ द्वारा सामाजिक एवं विधिक मुद्दों पर नाटक तथा डीएलएसए द्वारा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, 21 नवंबर को गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा नशा मुक्ति व गवर्नमेंट मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा सडक सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जाएगा।

### नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र ने ध्यान शिविर का किया शुभारंभ


कुरुक्षेत्र। भंगड़े की प्रस्तुति देते कलाकार।

कुरुक्षेत्र। गंगा घाट, ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के अंतर्गत नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र द्वारा आयोजित 16 से 30 नवम्बर 2025 तक चलने वाले ध्यान शिविर का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक सहभागिता के साथ हुआ। उद्घाटन दिवस पर ही 1000 से अधिक लोगों ने आनापानसति ध्यान सीखकर आत्मिक शांति, मानसिक स्पष्टता और सकारात्मक जीवन ऊर्जा का अनुभव किया। शिविर की विशेषता यह रही कि सभी आयु वर्ग—बुजुर्ग, युवा, विद्यार्थी और छोटे बच्चे—उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और ध्यान का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया। वरिष्ठ ध्यान प्रशिक्षकों मीनाक्षी खुरानिया एवं निखिल खुरानिया ने ध्यान के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित ध्यान तनाव कम करता है, करुणा बढ़ाता है और जीवन में धैर्य व संतुलन का विकास करता है।

## मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

- नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से विभिन्न स्थानों पर सांसद खेल महोत्सव का पहला चरण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा



भारत सरकार के खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय के तत्वाधान में नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से विभिन्न स्थानों पर सांसद खेल महोत्सव का पहला चरण आयोजित किया गया। सांसद कार्यालय की ओर से हलका इंचार्ज जीत राम ने बताया कि गांव लोहार माजरा में सांसद खेल महोत्सव के दौरान बतौर मुख्यातिथि जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर और भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने हिस्सा लिया। जबकि राजकीय कॉलेज भेरियां में मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच और नगर पालिका के प्रधान आशीष चक्रपाणि पहुंचे। इसी तरह मिनी खेल स्टेडियम भेरियां जूडो अकेडमी में भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा और पूर्व जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य हरिओम अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। गांव टिकरी की व्यायामशाला में हुए खेलों में जय भगवान शर्मा डीडी, नगर पालिका इस्माईलाबाद की चेयरपर्सन मेघा बंसल, चिरंजीव गर्ग, चेयरमैन जयसिंह पाल, प्रदीप शर्मा मंडल अध्यक्ष, तेजा सरपंच टिकरी, राजेश सरपंच जलबेहड़ा, मीना कुमारी सरपंच ठसका मीरांजी, कमल काजल सरपंच हरिगढ़ भौरख आदि ने हिस्सा लिया।



### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बटोरी वाहवाही

कुरुक्षेत्र। बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 23वां खेल महाकुंभ और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा रहे। छात्र और अभिभावकों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्री-नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल का माहौल जोश, जज्बे और उत्साह से भरा रहा। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य संरक्षिका श्रीमती चंद्र चोपड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप चोपड़ा, सचिव कुलदीप चोपड़ा और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सुभाष सुधा ने विद्यालय और उसकी गतिविधियों की प्रशंसा की। प्राचार्या पूजा कंबोज ने छात्रों को सीखने और जीतने का मूलमंत्र दिया। इस कार्यक्रम ने छात्रों में खेल और सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित किया।

### लिटिल मिलेनियम में बेबी शो का आयोजन

कुरुक्षेत्र। लिटिल मिलेनियम, 7-बी अमोलक कॉलोनी में भव्य बेबी शो का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों और माताओं के लिए रैम्प वॉक व अन्य गतिविधियों के विशेष कॉर्नर तैयार किए गए, जहाँ बच्चों ने जमकर भागीदारी की और आनंद लिया। ये गतिविधियां मनीषा, पूनम तथा प्रिया ने करवाई। इसके अतिरिक्त, वेलकम का दायित्व अंचल और मोनिका सैनी ने निभाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद मनिंदर सिंह छिन्दा तथा विशिष्ट अतिथि पार्षद दुष्यंत बख्शी, डॉ. राजेंद्र सैनी और सरदार गुरदेव सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## समाज को भारतीय संस्कृति में रखने के लिए गीता उपदेशों का जानना जरूरी

- राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, अर्जुन अवॉर्डी बॉक्सर मनोज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर गीता रन में भाग ले रहे प्रतिभागियों को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गीता के उपदेश में मानव जाति को संदेश दे देते हुए कहा था कि मनुष्य को लगातार अपने कर्म करते रहना चाहिए और कर्म करते समय फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। हमारे समाज को भारतीय संस्कृति में रखने के लिए गीता के उपदेशों को जानना बहुत जरूरी है, जो हमारी संस्कृति को बचाकर रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा रविवार को ब्रह्म सरोवर के पुरुषोत्तम पुरा बाग में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा आयोजित गीता रन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, अर्जुन अवॉर्डी बॉक्सर मनोज कुमार, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने हरी झंडी दिखाकर गीता रन में भाग ले रहे प्रतिभागियों को रवाना किया।



### विजेता खिलाड़ियों को चेक किए वितरित

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को इनाम राशि के चैक वितरित करके सम्मानित किया। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा को केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती समारोह के दौरान आज गीत रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भगवान श्री कृष्ण ने मानव जाति के उत्थान के लिए गीता का उपदेश धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र में दिया था। सभी को गीता के उपदेश को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। युवाओं के लिए खेलों में हिस्सा लेना और गीता के उपदेश को जानना दोनों ही जरूरी है। खेल में हिस्सा लेने से हमारे शरीर का स्वास्थ्य बना रहता है और गीता के उपदेश जानने से हमारी संस्कृति जिंदा रहेगी। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग हमारा भविष्य है। हमें युवाओं के लिए आए दिन बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। हमारा भविष्य बेहतर होगा तो हमारे सभी प्रकार की समस्या दूर होंगे और देश को विकसित भारत बनने से कोई नहीं रोक पाएगा।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग)

❖ श्री रिषी पाल सुपुत्र श्री केदार सिंह 338/25, विशाल नगर, गली नं. 5, सोनीपत ❖ मुकेश कुमार सुपुत्र श्री बनवारी लाल, विकास नगर, गली नं. 4, रेवाड़ी ❖ श्री जतिन सुपुत्र श्री सहीराम, म.नं. 360/30, देव कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राजीव कुमार, सुपुत्र श्री राम. म.नं. 258/18, भीष्मपुरा, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री अमन सुपुत्र कंवल चावला, 1807/13, पाड़ा मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कार्तिक सुपुत्र उमेश कुमार, 1060/11, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री चाहत सुपुत्र नवीन, 630/12, गढ़ी मौहल्ला रोहतक ❖ श्री भूपेंद्र सिंह सुपुत्र रोशन सिंह, 869/ए 23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार पुत्र श्री राजकुमार निवासी 1210/4, हरीपुर, पंचकुला ❖ श्री जितेंद्र सिंह सुपुत्र राकुवार भट्टी, रविदास मंदिर, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति अन्नु सुपुत्री अशोक, गांव व डा. बलियाणा, तह. सांपला, रोहतक ❖ निधि रानी सुपुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद, गांव मुमताजपुर, नाहड़, कोसली, रेवाड़ी ❖ श्री किरण भल्ला पत्नी श्रीमति राज कुमार, म.नं. 410/29, राम गोपाल कॉलोनी, रोहतक ❖ गर्वित सुपुत्र श्री जवाहर सिंह मं नं. 104 A-1, पटेल नगर, सोनीपत ❖ राजेन्द्र प्रसाद सुपुत्र श्री गोकुल सिंह, गांव जोनावास, महेन्द्रगढ़ ❖ कुणाल शर्मा सुपुत्र श्री सुनील शर्मा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ सितम्बर रंगा सुपुत्र श्री अजायब सिंह, गांव सिहोर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री महेश कुमार शर्मा सुपुत्र श्री माहवानंद, म.नं. 783/20, एकता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री जगरूप शर्मा सुपुत्र श्री चंद्रस्वरूप शर्मा, गांव व डा. जसिया, तह. व जिला रोहतक ❖ अनिल कुमार सुपुत्र श्री राम कुमार जांगडा, गांव पाथेडा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ मुस्कान सुपुत्री श्री दिनेश कुमार, गौतम नगर, गोहाना, सोनीपत ❖ खुशी सुपुत्री श्री प्रमोद, ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भोला कॉलोनी, करनाल ❖ रणबीर सिंह पुत्र श्री रामसरूप सिंह निवासी बैंक कालोनी, बस स्टैंड के सामने, रोहतक रोड़, भिवानी ❖ श्री नीरज सुपुत्र सुरेंद्र सिंह, 780/34, हरी सिंह कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र मंगलीराम, मेन बाजार, नीयर खुराना अस्पताल, कलानौर, रोहतक ❖ श्री ओम सैनी पत्नी श्रीमति संतोष, शेरविंदर कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ अमित, एससीओ 410 FF, सैक्टर 8, पंचकूला ❖ डॉ. जकविंदर सिंह सुपुत्र चौधरी सूरज सिंह, गांव व डा. बन, तह. लाडवा, करनाल ❖ कृष्ण पुत्र श्री सतबीर, जुलाना, वार्ड नं.7 नियर शिव मंदिर, जीन्द ❖ शिवम सुपुत्र श्री मनोज कुमार, गांव जुलाना, जीन्द ❖ सत्यनारायण गुप्ता सुपुत्र श्री मदनलाल गुप्ता, वार्ड नं. 1, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री पंकज सुपुत्र सत्यपाल, म.नं. 163/13, हनुमान कॉलोनी, गोहाना रोड, रोहतक ❖ परविन्दर कुमार सुपुत्र भूपेंद्र सिंह चावला, 647/23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार सुपुत्र श्री तोताराम, सिलारपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ धनीराम सुपुत्र श्री सोहनलाल, सुलखा, बावल, रेवाड़ी ❖ धर्मसिंह सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव बिठवाना, रेवाड़ी ❖ सुशील सुपुत्र श्री धूप सिंह गांव जुलाना, जीन्द ❖ जतिन कुमार सुपुत्र श्री गणेश कुमार, उत्तम नगर, गली नं. 4, सोनीपत ❖ चन्द्र हास सुपुत्र श्री मातादीन, सलीमपुर, अटेली मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ हुक्म चन्द सुपुत्र श्री प्रभाती लाल, गांव सिलाठपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ पूनम देवी पत्नी श्री नारायण गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ बालकराम सुपुत्र श्री ताराचन्द, बुढा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ श्री सतपाल सुपुत्र श्री रामकुमार, खातीवास, झज्जर ❖ रामनिवास पुत्र श्री निहाल सिंह, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ कृतिका सुपुत्री श्री राकेश, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ काव्या सुपुत्री श्री तरूण कुमार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ देवेन्द्र सुपुत्र श्री ताराचन्द, गांव बुढा खेडा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ प्राची बत्तरा सुपुत्री श्री संजय, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ कमला देवी पत्नी श्री नरोत्तम दास, गुजरवास, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ सन्दीप सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, वार्ड 8, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़।

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

कार्यक्रम | बाबा श्रीचंद देव जी के 531वें प्रकाशोत्सव पर ब्रह्म अखाड़ा मांडी साहिब में महान संत समागम

## भूले भटकों को राह दिखाकर सेवा कार्यों से जोड़ना संत समाज की देन: डॉ.गुरप्रीत कौर

संतों और रागियों ने संगत को सिखी इतिहास से रूबरू कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

सीन ब्रह्म अखाड़ा मांडी साहिब में गुरुनानक देव जी के सुपुत्र बाबा श्रीचंद देव जी के 531वें प्रकाशोत्सव पर महान संत समागम हुआ। इसमें डेरा मुखी संत बाबा गुरविंद्र सिंह के सान्निध्य में सिख पंथ की जत्थेबंदियों, रागी ढाड़ी जत्थों व संतों ने अपने प्रवचनों से बाबा श्रीचंद व सिखी इतिहास से संगत को रूबरू कराया।


पिहोवा। डेरा उदासीन ब्रह्म अखाड़ा मांडी साहिब में संत समागम में भाग लेती पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर।

### अध्यात्म व संस्कृति की रक्षा के लिए सिख गुरुओं ने अपना जीवन लगाया

कार्यक्रम में पहुंची पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर ने कहा कि संत बाबा गुरविंद्र सिंह ने डेरा के माध्यम से युवा पीढ़ी को नशे, दहेज, कन्या भ्रूण हत्या आदि सामाजिक बुराइयों से दूर करके धर्म से जोड़कर लोक कल्याण का जो कार्य किया है। वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म व संस्कृति दोनों धाराओं की रक्षा के लिए सिख गुरुओं ने अपना जीवन लगाया। गुरु गोबिंद सिंह ने अपना पूरा वंश अपनी आंखों के सामने धर्म की रक्षा के लिए वार दिया । गुरु परंपरा के अनुसार बाबा श्रीचंद ने भी पूरे संसार में घूमकर विकारों में फंसे लोगों को सत्य की राह दिखाई। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 350वां बलिदान दिवस पूरे देश में श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। जिसके तहत पंजाब के अलग अलग शहरों में गुरु तेग बहादुर जी की शहादत संबंधित लाइट एंड साउंड शो दिखाए जा रहे है। बाबा गुरविंद्र सिंह ने कहा कि जब धरती पर बाबा श्रीचंद का अवतरण हुआ तो गुरुनानक देव जी के आदेश पर ही उन्होंने सिखी परंपरा को आगे बढ़ाया। इस मौके पर जत्थेदार बाबा अवतार सिंह सुर सिंह वाले, बाबा चरणजीत सिंह, भाई स्वर्ण सिंह , बाबा अमीर सिंह, इंद्रजीत सिंह नत, ढाडी जत्था दलेर कौर खालसा, भाई सर्वजोत सिंह बेदी सहित कई विद्वान महापुरुष और हजारों की संख्या में संगत नतमस्तक हुई।